जाय; और एक खीरा मंगा कर जादू किया, और एक छुरी पढ़ कर[16] हाथ में रक्खी * उस छुरी और खीरे का यह असर था जो उस छुरी से खीरा काटे, उस का सिर कट जाय. पंडितों से कहा "उसे बुलाओ, उन लकीरों पर पांव धरके जो आवेगा तो दीवानः हो जायगा; बावला हो कर यह खीरा जो हाथ में ले कर काटेगा, तो सिर उस का कट जायगा." जितने चत्री राजा के साथ थे, अपने दिल में फ़िक्रमंद हुए, कि इस राजा ने दग़ा की, यह चत्रियों का धरम नहीं * राजा ने बिक्रमाजीत को बुलाय, कहा, "हम तुम बैठकर एक जगह खीरा खावें." वुह राजा जोगी था, और सब इल्म जानता था, उन लकीरों से बचकर सिंहासन के पास जा खड़ा रहा. खीरा और छुरी उसके हाथ से लेली, दहिने हाथ में छुरी रक्खी, और बांये हाथ में खीरा लिया. राजा संख ग़ाफ़िल था, फुरती करके उसे छुरी मारी, राजा का काम तमाम किया * यह बात रतनमंजरी ने ज़ाहिर की, कि राजा भोज! तू इस बात को सुन, ख़ुदा जो रहम करे, तो तिनके से पहाड़ करे, और ग़ज़ब करे, तो पहाड़ से तिनका. किताब में जो लिखा है, वुह झूठ नहीं होता, जब माके पेट में इनसान आता है, चार बातें साथ लाता है, नफ़अ, नुक़सान, दुःख, सुख. तीन लोक और चौदह भवन में फिरे, लेकिन क़िसमत का लिखा नहीं मिटता * भाई को मारा दिल में खुश हुआ, उस के लहू का माथे पर टीका दिया,[17] उठ कर सिंहासन पर बैठा, और चंवर ढलवाया. उस राजा की रानी उस के साथ सती हुई,[18] यह राजनीति से न्याव करने लगा, और जितने

राजा उस के राज में थे, सब सुन कर ख़ुश ऊए, मुजरे को आये, दोनों वक़ दरबार में हाज़िर रहने लगे. इसी तरह से राजा राज करने लगा * कितने दिनों के बअ़्द एक दिन राजा शिकार को चला, कुत्ते, बाज़, बहरी, और जितने शिकारी जानवर थे साथ लिये, और जितने साथ में अच्छे२ गुल चले, और तीरंदाज़ थे साथ लिये; आकर एक जंगल में पऊंचे, हिरन के पीछे राजा ने घोड़ा डाला * राजा आगे बढ़ गया. साथ कोई न पऊंचा, एक बड़े जंगल में राजा जा निकला, और वहां जाकर सोच करने लगा, कि "मैं कहां आया! राह भी भूला, और साथ भी गंवाया." इतने में जो निगाह की, तो एक बड़ा दरख़्त देखा. दरख़्त की फुनगी पर चढ़गया, और वहां से देखने लगा, जंगल ही जंगल, नज़र आता था; मगर एक तरफ़ जो देखा, तो एक शहर नज़र आया. उसको देख कर राजा को एक ढाड़स सी बंधी * वुह नगर जो देखा तो निहायत आबाद है, कबूतर उड़ रहे, चीलें मंडला रहीं हैं. सूरज की झलक से हवेलियों के कलस चमक रहे हैं. अपने जी में कहने लगा यह नया शहर मैं ने देखा, कल इसे छीन लूंगा. और उस नगर के राजा का दीवान, जिसका नाम लूतबरन था, वुह कौवे के भेस में रहता था, उस तरफ़ से उड़ा ऊआ जाता था. उसने यह राजा के मुंह से बात सुनी, बऊत दिल में ख़फ़ा ऊआ, ग़ुस्से से उसके मुंह में बीठ कर दी * राजा गज़ब में आया, इतने में लोग कुछ उसके वहां आन पऊंचे, उनके साथ होकर अपने शहर में दाख़िल हो, दीवान को ऊकम किया,

"जहान में जहां तलक कौवे हैं पकड़ लावें." यह सुनते ही, चारों तरफ़ बहेलिये दौड़े, और कौवे पकड़२ लाये, और पिंजरों में बंद किये * राजा ने आकर उन कौवों से कहा. "ऐ चंडालो! वुह कोनसा कौवा था जिसने हमारे मुंह पर बीठ की? तुम सच कहोगे, तो हम छोड़ देंगे, नहीं तो सब को मारडालेंगे." यह सुन कर सब बोले, "महाराज! हम में कोई कौवा नहीं रहा जो पकड़ा नहीं आया, और वुह काम हम से नहीं ज़ुआ;" तब राजा ज़ियादः ख़फ़ा ज़ुआ; कि तुम सब के सिवा वुह कौन कौवा है कि जिसने यह काम किया? तब उन्होंने कहा "महाराज! सच पूछते हो, तो हम कहते हैं. बाज़बल एक राजा है, उदै अस्त में उसका राज है, और उसका दीवान लूतबरन, बड़ा दाना, बज़ुत होश्यार, पंडित है. वुह कौवे के भेस में रहता है, यह काम उसका हो तो हो, क्योंकि कौवे की सूरत एक वुह बच रहा है." तब राजा ने कहा, "वुह किस तरह आवे, उसका कुछ समझकर मुझे इलाज बताओ, कोई तुम्हारे यहां से वकील जाय, और उस को ले आवे, तुम अपने यहां से दो कौवों को भेज दो, वे जाकर ले आवें" * उन्ही में से दो कौवे वहीं गये उन की लूतबरन ने बज़ुतसी आवभगत की, और कहा "तुम यहां किस लिये आये हो?" तब वे बोले "महाराज! तुम्हारे बग़ैर हम सब कौवे मारे जाते हैं, जो तुम राजा बिक्रमाजीत के पास चलो, तो सभों की जान बचें." तब लूतबरन बोला, "धन्य भाग! जो तुम मेरे पास अपना मतलब समझकर आये हो, जो कुछ काम मुझ से होगा मैं कमी न करूंगा" * यह कहकर अपने राजा पास

आया, और राजा से हुकम लेकर उनके साथ गया, जब सब कौओं ने उस दीवान को देखा, तब राजा से कहने लगे, जिसका हम नाम लेते थे वुह यही है. राजा ने देख कर उसे आदर कर के आधी गद्दी पर बिठाया, और खेम कुशल पूछी, वुह असीस देकर, बोला, "किस लिये आपने मुझे याद किया, और किस वास्ते इन सब को बंद किया?" जब सूतबरन ने यह बात पूछी, तब राजा कहने लगा. "मैं एक दिन शिकार को गया था, इत्तिफ़ाक़न जंगल में राह भूल गया, तब एक पेड़ पर चढ़कर चारों तरफ़ देख ने लगा, कि एक कौवे ने मुझ पर बीठ करदी, इसलिये मैं ने सब कौओं को बंद किया, जब तक कि इन में से कोई सच न कहेगा, एक कौवा इन में से न छोडूंगा, बल्कि जान से सब को मारूंगा" * फिर सूतबरन बोला, "महाराज! यह काम मेरा है, जब तुम्हें मैं ने मग़रूर देखा, तब मुझे गुस्सः आया, अक़्ल मेरी उस वक़्त जाती रही." यह सुन कर राजा हंसा, और बिगड़ कर कहने लगा, "मुझे ग़रूर क्यों न हो? राजा मैं हूं, दाता मैं हूं, सिपाही मैं हूं, और कौनसी बात मुझ में नहीं? तुम कहो." तब वुह बोला "जो नगर तुम ने नज़र भर देखा उसका मैं सब बयान करता हूं * राजा बाहुबल, वहां का क़दीम राजा है, और गंधर्वसेन, बाप तुम्हारा उसका दीवान था. राजा को उसकी तरफ़से कुछ बे एअतिबारी हुई, तब उसे छुड़ा दिया, वुह नगर अंबावती में आया, और उस जगह का राजा हुआ, उसका बेटा तू बिक्रम है, तुझे जग में कौन नहीं जानता, पर जब तलक राजा बाहु, तुझे राज तिलक न देगा, तब तलक तेरा

राज अचल न होगा, और वुह जो खबर पावेगा, त्यों हीं चढ़ दौड़ेगा, और तुझे आकर एक घड़ी में खाक के बराबर कर देगा. तुझे जो मैं मसलहत दूं उसे मान, और किसी तरह से उस राजा के पास जा, राजा को महब्बत दिखाकर तिलक उस से ले जिस से अचल राज हो करे" * राजा बिक्रम बड़ा अक़लमंद था, इस बात पर क़ायम रहा. ऐसी सख्त२ बातें लूतबरन से सुनकर कुछ दिल में न लाया, हंस कर कान दे सब सुनीं; फिर लूतबरन ने कहा, "जो तुम्हें चलना है तो हमारे ही साथ चलो, और पंडितों से अच्छी साअत दिखाकर चलने की तैयारी करो" * दूसरे दिन सुबह के वक़्त राजा लूतबरन मंत्री के साथ होकर चला, और राजा बाहुबल के नगर में पहुंचा, तब उस दीवान ने राजा से कहा, "यहां तुम बैठो, और मैं अपने राजा को तुम्हारे आने की खबर दूं." यह बात राजा से कह कर, अपने राजा के मंदिर में गया, उस को सलाम किया, और सब समाचार और अपनी हक़ीक़त समेत राजा का अहवाल कहने लगा * "महाराज! गंधर्वसेन का बेटा बिक्रम आप के दरसन के लिये आया है." यह बात राजा ने सुन कर तुर्त बुलाया. तब वुह दीवान राजा को ले गया, और अपने राजा से मिलाया. राजा उसे उठ कर मिला, और आदर करके आधे आसन पर बिठाया, क्षेम कुशल पूछी. बअ़द उसके रहने के लिये मकान बताया, राजा उठकर उस मकान में आया. वहां रहने लगा, जब दस पांच दिन बीत गये, दीवान से राजा बिक्रम ने कहा, "हमें तुम बिदा करवा दो तो हम अपने स्थान को जावें." तब

मंत्री कहने लगा, "हमारे राजा का यह सुभाव है जो उन से मिलने को आता है, उसे आप से रुख़सत नहीं करते, तुम रुख़सत मांगो, और जिस बात की ख़ाहिश हो सो कहो. अपने जी में कुछ शर्म न करो," तब राजा बोला, "मुझे कुछ नहीं चाहिये, जो कोई जो बर चाहे मुझी से ले," तब दीवान बोला, "राजा! यह हमारी बात सुनो, इस राजा के घर में एक सिंहासन है सो वुह सिंहासन पहिले महादेव ने राजा इंद्र को दिया था, और उस राजा ने इस को दिया. उस सिंहासन में यह गुन है, जो उस पर बैठे सात दीप, और नौ खंड पृथिवी का अजीत राज करे; और बहुत सा जवाहिर उस में जड़ा है, और बत्तीस पुतलियां भी, कि अम्रृत देकर उन को सांचे में ढाला है सो उस में लगीं हैं; तुम रुख़सत होते हुए वुह सिंहासन राजा से मांगो, कि उस पर बैठ कर आनंद से राज करोगे" * यह रात को दीवान ने सलाह दी और सुबह को राजा के दरबार में दीवान गया, ख़बर दी, "महाराज! बिक्रम रुख़सत होता है बाहर खड़ा है" * यह सुन कर, राजा फ़िलफ़ौर दरवाज़े पर आया, और बिक्रम ने देख कर अपना माथा निवाया. राजा ने बिक्रम से कहा, "जो तुम्हारे जी में आवे सो मांगो, मैं ख़ुश होकर वही दूंगा." बिक्रम बोला, "महाराज! जो आप ने मुझ पर दया की है, तो वही सिंहासन मुझे बख़्शो, जो इंद्र ने तुम्हें दिया है" * यह बात सुन कर राजा बोला, "अच्छा सिंहासन तो हम ने तुम्हें दिया, पर यह काम मंत्री का है, इसे तुम नहीं जानते थे." यह कह कर सिंहासन मंगाया, और पान, तिलक दे कर उस पर

बिठाया, और कहा कि "तुम अब अजीत ऊए, किसी बात की जी में चिंता न करना, गंधर्वसेन मेरा बड़ा दोस्त था, और तू उस के खानदान में बड़ा नामवर ऊआ" * इस तरह से राजा बिक्रम को असीस देकर रुख़सत किया. राजा वहां से अपने घर को आया, और अपने जी में बऊत सा ख़ुश ऊआ, और जितने उस राजा के दुश्मन थे उन्हों के जी में डर ऊआ. राजा के देस के लोगों ने बऊत ख़ुशी की, और दीप२ के राजा ख़िदमत के वास्ते आये, और जो राजा ग़ुरूर करता था, उस का वुह राज जाकर छीन लेता, और अपना राज करता. ग़रज़, उदे से, अस्त तक, ख़ूब उस ने अपना राज किया, सब रऐयत आनंद से उस के राज में बस्ती थी, और जो चची थे, उस से डरते थे, और जो कोई देस बिदेस जाता था वहां बिक्रम का धरम सुनता था. सब मुल्क आबाद देखता था, कहीं दुखी उसे नज़र न आता था. डांड, और बांध उसके राज भर में किसी ने कान से न सुना, बल्कि घर२ आवाज़ बेद, और पुरान की आती, और जितने लोग थे अश्नान, ध्यान करके तीनों वक़ अपने भगवान की याद में रहते थे, अपने२ घर में सब राजा की सी सभा कर के ख़ुश रहते थे, राजा राज, प्रजा सुखी * इस में एक दिन राजा बिक्रमाजीत ने सभा की, और सब पंडित बुलाये. पंडितों से राजा ने पूछा, "मेरे जी में है, अब मैं संवत् बांधूं, सो तुम से पूछता हूं, कि मैं इस बात के लायक़ हूं कि नहीं? तुम शास्त्र देख कर मुझ से बिचार के कहो." तब सब पंडितों ने बिचार कर के राजा से कहा, "महाराज! अब जो तुम्हारा प्रताप है सो तीनों

भवन में छा रहा है, अब जो कुछ तुम्हें करना हो सो कीजिये, दुश्मन तुम्हारा कोई नहीं" * राजा ने यह सुनकर पंडितों से कहा, कि, "अब तुम बताओ, कि किस बिध से संवत् बांधें, जो कुछ शास्त्र की रीत से मुनासिब हो तिस तरह से हमें कहो." तब पंडितों ने कहा "पहले तो तुम अजीत माल पहनो, फिर उसके बअ्द, देस२ के बिराह्मन, और ज़मीनदार राजा, और२ सब कुनबे के लोग बुलाओ, सवा लाख कन्या दान, और गौदान सवा लाख बिराह्मनों को करो, और जितने बिराह्मन तुम्हारे मुल्क के हैं उनकी वृत्ति कर दो, एक बरस का ख़ज़ानः ज़मीदारों को मुआफ़ करो, और जो भूखा कंगाल इस बरस में आवे उसकी वृत्ति का हुकम करो" * इसी तौर से राजा ने सब काम किया, और सिवा उस के जो२ दान पुन्य किया उस का बयान किस से हो! एक बरस तलक राजा अपने घर में बैठा पुरान सुनता रहा, और इस तरह से संवत् बांधा कि तमाम दुनिया के लोग धन्य२ करते थे * यह सब अहवाल रतनमंजरी ने सुनाया, और राजा बिक्रमाजीत का जस गाया, और कहा, "राजा भोज! जो तुम इतने हो तो इस सिंहासन पर बैठो." सुन के राजा ने कहा, "सच है, जो कुछ तू ने कहा, यह बात मुझे भी पसंद आई." इतना कहकर राजा अपनी सभा में बैठा, दीवान मुतसद्दियों को बुलाया, कि तुम सब तैयारी संवत् बांधने की करो, उस दिन की वुह साअ़त यों टल गई. राजा ने दूसरे दिन फिर सिंहासन पर बैठने की तैयारी फ़रमाई, दीवान को बुला कर कहा, "तुम सब इस की तुर्त तैयारी करो, देर न हो" * यह बात सुन

कर, बररुच पुरोहित बोला, "राजा! अभी क्यों घबराते हो? यह एक२ पुतली तुम से बात करेगी, उन की बातें सुन कर जो कुछ करना होगा सो कीजियो." यह सुनकर राजा ने चाहा सिंहासन पर पांव बढ़ाकर रक्खे कि *

* दूसरी पुतली चित्ररेखा बोली *

"राजा! तेरे जोग यह आसन नहीं है, और ऐसी अनीति कोई करता नहीं, जैसी तू करने पर तैयार हुआ है. इस सिंहासन पर बैठे वुह, जो बिक्रम सा राजा हो," तब राजा बोला "बिक्रम में क्या गुन थे सो मुझ से कह," तब वुह बोली * "एक दिन राजा बिक्रम कैलाश को गया, और वहां एक जती से मुलाक़ात हुई, उसने राजा को जोग की रीत सब बताई, राजा ने अपने जी में इरादः किया, कि जोग कमावें, जोग करने को तैयार हुआ. राज तिलक भरतरी को दिया: राज पाट पर उसे बिठा, आप राज, काज, धन, दौलत छोड़ कंथा पहन, भस्म लगा, सन्यासी बनकर, जंगल को निकल

गया, और उत्तर खंड में जाकर जोग साधने लगा: उस शहर के जंगल में एक बिराह्मन तपस्या करता था, धूंआ, पीके रहता था, और भूख, प्यास के दुख सहता था. बिराह्मन की तपस्या देख के देवता ख़ुश हुए, बर उसे देने लगे, और उसने न लिया, तब आकाश बानी हुई, कि, "हम अमृत भेजते हैं सो तू ले" * एक आदमी, की सूरत में आकर देवता उसे फल दे यह कहगया कि,

"जो इस को दू खावेगा चिरंजीव होगा." फल लेकर वुह तुर्त चला, सुग्रीर अपने घर को आया, बिराह्मनी के हाथ में वुह फल दिया, और कहा, "आज देवताओं ने अमृत फल मुझे देकर कहा, जो इसे खावेगा अमर होवेगा." यह बात, सुनकर बिराह्मनी व्याकुल हो रोने लगी, फिर बोली, "यह दुख और पाप हम किस तरह काटेंगे, और हमेशः भीख क्योंकर मांगेंगे, खाल, मास, सब हाड़ में मिल जायगा, ऐसे जीने से मर जाना बिहतर है, मर जाने वाले को इतना दुख नहीं होता * इस फल को वुह खावेगा जो हमेशः दुख उठावेगा, इस से जोग यह है कि तुम यह फल ले जाकर राजा को दो, और उस से कुछ धन लो," यह सुनकर बिराह्मन अपने जी में समझा यह सच है, इस संसार में इतना जंजाल कौन सहे? इसी तरह आपुस में बातें सलाह की करके बिराह्मन वहां से राजा के पास चला, जब राजा के द्वारे पर पहुंचा, द्वारपाल से कहा राजा, को खबर दो, 'बिराह्मन आप के लिये एक फल लाया है' * दरवान ने राजा से जाकर अर्ज़ की, "महाराज! एक बिराह्मन फल आप की ख़ातिर लाया है, और दरवाज़े पर हाज़िर है, जो कुछ हुकम हो.'" राजा ने उसी वक़ हुकम किया * 'उसे अभी लाओ,' अहलि कारों ने वोंहीं हाज़िर किया * ब्राह्मन ने राजा को आकर असीस दी, कि "धरम लाभ हो," और वुह फल राजा के हाथ दिया, राजा ने उस को हाथ में लेकर पूछा, "इस का वृत्तांत कहो," तब बिराह्मन कहने लगा, "स्वामी! 'मैंने जो तपस्या की थी सो देवताओं ने उस का बर अमर फल दिया, मैं अमर होकर क्या करूंगा? इस फल को तुम

खाओ, और अमर हो, इस वास्ते कि तुम से लाखों जी पलते है’” * यह सुनकर राजा हंसा, उसे लाख रुपये दिये, और गांव वृत्ति करके बिदा किया, फिर जी में विचार करने लगा, मैं तो पुरुष हूं कमज़ोर न हूंगा; यह फल रानी को दिया चाहिये, वुह मेरे प्रान का आधार है, वुह जीती रहेगी, तो मैं सुख भोग करूंगा * यह दिल में ठानकर राजा महल में दाख़िल हुआ, फल रानी को दिखाया, रानी हंसकर पूछने लगी, ‘महाराज! यह क्या चीज़ है, जिसे बड़े जतन से लिये हुये तुम आये हो? इस का ब्योरा कहो.’ तब राजा ने कहा, “सुन सुन्दरी! तू जो इस फल को खायगी, सदा जोबनवती रहेगी, दिन२ रूप बढ़ेगा, और अमर होगी” * रानी ने यह अहवाल सुन कर फल राजा के हाथ से ले लिया, और कहा ‘महाराज! मैं इसे खाऊंगी; राजा फल देकर बाहर गया, और रानी का जो एक मित्र कोतवाल था, रानी ने उसे बुलाकर वुह फल दिया, और कहा, ‘यह हमें राजा ने देकर कहा है जो इसे खावेगा सो अमर होगा; तुम मेरे प्यारे हो, इसे खाओ, और अमर हो, तो मुझे बड़ी ख़ुशी है, सुनते ही, कोतवाल ने ख़ुश होकर, फल हाथ से ले लिया, और अपने मकान को गया * एक कसबी उसकी आशना थी उसे फल देकर कहा, ‘यह अमर फल मैं तेरे वास्ते लाया हूं, तू इसे खा.’ यह सुन कर उसे हाथ से ले लिया, और उसे बिदा किया. फिर अपने जी में विचारा, एक तो मैं कसबी हूं, और अमर हूंगी तो कितने पाप मैं कमाऊंगी; इस से बिहतर यह है, कि यह फल राजा को जाकर दीजिये, जो राजा जियेगा तो मुझे याद करेगा.

और पुत्र होवेगा, पाप सभी कटैंगे * यह सोचकर राजा के दरबार में गई, वुह फल राजा के हाथ दिया, राजा फल को देखकर बेसुध हुआ, अपने दिल में कहने लगा, कि फल तो मैं ने रानी को दिया था, जी में यह बिचारा, और हंसकर उसे पूछने लगा, यह फल तुझे किसे दिया? वुह बेसवा सब बातें जानती थी, पर राजा से फ़क़त यह कहा, कि मुझे कोतवाल ने दिया है. वुह सुनकर यह समझा कि रानी ने बुरा काम किया, उसे कुछ रुपये देकर बिदा किया, और आप भैचक रहगया, फिर समझ कर कहने लगा, मैं ने तो मन अपना रानी को दिया और उस ने अपना दिल कोतवाल को. मन का भेदी कोई न मिला, ऐसे जीने को, और मेरी बुद्धि को धिक्कार है, जो मैं फिर राज करूं और फिट उस रानी के तईं, और लअ़नत उस कोतवाल को, और उस बेसवा को और धिक्कार है काम देव को, जो यह मति संसार की करता है, कि जिस से संसार अहमक़ हो जाता है. बअ़्द उस के फल लिये हुए महल में गया * अपने चित में कहने लगा, यह तन, मन, धन, जी, सब चंचल है और यह संसार जानहार है, इन्हों में से कोई क़ायम न रहेगा, जबही पैदा हुआ, तबही काल ने खाया, और जब मरता है तो कुछ साथ नहीं ले जाता, और मेरा२ करके जन्म गंवाता है, सुख के सब साथी हैं, और दुख कोई नहीं बंटाता. यह संसार जो है, समुद्र है, और माया इस का जल है, लोभ मछली है, ऐसा बधिक कोई न मिला, जो इस को मार के खाय * यों बिचार करता हुआ रानी के पास गया, और उस से पूछा 'तूने वुह फल क्या किया?'

तब वुह बोली 'महाराज! मैं ने खाया,' सुनकर राजा ने वही फल रानी को दिखाया, वुह देख कर ज़र्द हो गई, तब राजा उस फल को लेकर बाहर आया, धोकर खाया, तिस पीछे सोच उस को ऊआ, निदान बन के जाने का सामान किया. राज, पाट, धन, दौलत, और रानी की मह्ब्बत तजकर चला. न किसी से पूछा, न किसी को साथ लिया, ऐसा निरमोही होकर निकला, कि किसी का ध्यान न किया * देस२ और नगर२ में चरचा ऊवा, कि राजा भरतरी, राज तजकर, जोगी ऊआ, और यह बात उड़ती२ राजा इंद्र के अखाड़े में पऊंची, कि वुह तो देस छोड़ के गया, और उस के देस में बड़ा ऊलड़ ऊआ. तब यह बात सुन कर सब देवताओं ने मिल कर यह बिचार किया, कि एक देव को रखवाली के वास्ते राजा भरतरी के देस में भेज दो, कि कोई बिदअ़त रएयत पर न करे. देव को बुलाकर वहां भेज दिया, और कहा 'वहां की निगहबानी कर' * यहां तो वुह रखवाली करता था, और वहां राजा बिक्रम का जोग पूरा ऊआ, वुह अपने मन में मनसूबः करता था कि मैं छोटे भाई को राज दे आया ऊं, चलकर देखूं कि वुह किस तरह राज करता है. यह अपने दिल में कह के चला और रात को अपने नगर के पास आन पऊंचा, देव ने उसे आते देखा, तब वुह पुकारा, तू कौन है, जो इस वक़्त ग्रहर में जाता है, या तो अपना नाम बता, नहीं तो तुझे मैं मार डालता ऊं, 'तब उन्ने कहा मैं राजा बिक्रम ऊं,' 'तू कौन है कि मुझे टोकता है?' देव बोला, मेरे तईं देवताओं ने भरतरी के राज की रखवाली को भेजा है,

राजा ने पूछा, 'भरतरी क्या हुआ?' उन ने जवाब दिया, 'भरतरी को कोई यहां से छल कर लेगया.' यह बात सुनकर राजा हंसा, और उसे कहा वुह तो मेरा छोटा भाई है, फिर देव बोला, 'मैं नहीं जानता कि तुम कौन हो, और जो तुम बिक्रम इस देस के राजा हो तो मुझ से लड़ो, और मुझे मार कर जाओ, बिना लड़े मैं तुम्हें इस शहर में नहीं पैठने दूंगा' * यह सुन राजा बिगड़ के बोला, 'तू मेरे तईं क्या डराता है, और जो लड़ा चाहे तो तैयार हो.' इस तरह दोनों बातें कर तैयार हो लड़ने लगे, और राजा उस देव को पछाड़ कर छाती पर चढ़ बैठा, तब वुह बोला, 'राजा! तू मुझ से बर मांग मैं तुझे जी दान दूं * यह बात उस की सुन कर राजा हंसकर बोला, मैं ने तुझे पछाड़ा है, और चाहूं तो मार-डालूं, तू मुझे जी दान क्या देगा? तब वुह बोला 'राजा! तू मुझे छोड़दे, मैं तेरे आगे इस का सब ब्योरा कहता हूं * तेरे राज की धूम सब देस में है, और सब राजा तुझ से डरते हैं, पर मैं जो बात कहूं सो तू कान देके सुन; तेरे शहर में एक तेली है, और एक कुम्हार. सो तेरे मारने की फ़िक्र में हैं, पर तुम तीनों में से जो दो को मारेगा वही अचल राज करेगा. तेली तो पाताल का राज करता है, और वुह कुम्हार जोगी बना हुआ जंगल में तपस्या करता है, और अपने दिल में कहता है, कि राजा को मार के तेली को तेल के जलते कड़ाह में डालूं, और देवी को बल देकर मैं निचंत राज करूं, और तेली कहता है, राजा, और जोगी को मार के त्रिलोकी का राज मैं करूं, और तू इस बात को न जानता था. मैं ने इस

वास्ते तुझे खबरदार किया, तू उन से बचा रहना, और आगे जो मैं कहता हूं सो तू सुन * जोगी ने उस तेली को मार कर अपने बस में किया है, सो तेली एक सिरस के दरख़्त पर रहता है, अब वुह जोगी तुझ को नौता देने आवेगा, छल कर के तुझे ले जायगा, तू नौता लेकर वहां जाइयो, जब वुह कहे, कि तू दंडवत कर, तब तू कहियो, मैं दंडवत करना नहीं जानता: मेरे तईं एक जहान दंडवत करता है, जो तुम गुरू हो, और मैं चेला, तो मुझे दंडवत करना बताओ, उसी तरह मैं दंडवत करूं, जब वुह सिर निहुड़ावे, तब तू खांडा मारना, कि उस का सिर जुदा होजावे, और वहां कड़ाह जो देवी के आगे तेल का खौलता होगा उसमें उसको और दरख़्त से तेली को उतार के दोनों को उसी कड़ाह में डाल देना. यह मेरी बात गांठ,बाध, इसे हरगिज़ कभी न भूलना.' यह बात कह कर वुह देव चला गया, और राजा अपने महल में आया, भोर हुए, सारे नगर में ख़बर हुई, कि राजा बिक्रमाजीत आये; दीवान, मुतसद्दी, और सब अहलिकार नज़रें लाये, तमाम शहर में आनंद होगया, घर२ मंगलाचार होने लगे, यहां तो ख़ुशी के नक़्क़ारे बज रहे थे, इतने में एक जोगी आया, और राजा को आदेस सुनाया, एक फल उसके हाथ दिया, उन ने हंसकर वुह फल हाथ में लिया, जोगी ने कहा 'राजा! हमारे यहां यज्ञ होता है, एक दिन का तुम्हारा नौता है.' तब राजा ने कहा 'हम आवेंगे,' तुम अपने मन में चिंता मत करो, सांझ हुए पहुंचेंगे * जोगी यह सुनते ही ठिकाना बता अपनी मंढ़ी को गया, जब शाम हुई, राजा

भी खांडा फरी ले तैयार ऊआ, और किसी से न कहा, अकेला चलागया, तुर्त जोगी के पास पऊंचा, और आदेस कहा, जोगी बोला, कि 'देवी के आगे जाकर दंडवत कर, जो देवी तुझ से ख़ुश हो.' राजा बोला 'स्वामी! मैं दंडवत नहीं जानता, कि किस तरह् करते हैं जो मुझे बताओ तो करूं.' जोगी बताने लगा, और ज्योंहीं सिर झुकाया, राजा ने देव की नसीहत याद करके, एक खांडा ऐसा मारा, कि सिर धड़ से जुदा होगया, और उसे मारते खतर: न किया, और उस दरख़्त से तेली को भी उतार दोनों को जलते कड़ाह में डाल दिया * तब देवी बोली, 'धन्य है बिक्रम तेरे साहस को!' मैं तुझ पर प्रसन्न ऊई, तू मुझ से बर मांग. और धन्य है! तेरे, माता, पिता को, कि जिनके घर में तूने औतार लिया. देवी जब यह कह चुकी, तब वे बीर आकर हाज़िर ऊए. राजा से कहने लगे, 'कि हम आगिया, और कोयला, दो बीर तुम्हारी सेवा को आये हैं, जो तुम्हारी कामना हो सो हम से कहो, हम तुर्त पूरी करदें, सब जगह के जाने की हम सामर्थ रखते हैं, जल, थल, मही, आकाश में पवन के रूप होकर जहां कहो हम चले जायें, जैसे, हनूमान तुर्त लंका पऊंचा, वैसे ही हम भी जा सकते हैं' * यह सुन ख़ुश हो राजा ने कहा मुझे तो कुछ काम नहीं है, अगर मेरे तईं बचन दो, तो मैं देवी से तुम्हें मांग लूं, लेकिन ऐ बीरो! जो तुम से बचन देकर निर्बाह किया जाय, तो बचन दो. उन बैतालों ने कहा, कि अच्छा तब राजा ने उन को बचन बंद कर मांग लिया, और कहा जिस जगह मैं याद करूं तुम उस जगह मेरे पास पऊंचजाना,

तब बीर बोले कि 'राजा! तू जिस जगह हमें याद करेगा, वहां हम पवन रूप होकर पहुंचेंगे.' यह बात उन से कहके राजा घर को गया." ये बातें चित्ररेखा पुतली ने राजा से कहीं, "कि राजा! बिक्रम के ये काम थे, इतने जोग तो तू नहीं है * फिर वे बीर राजा के ताबअ़ हुए, और आगे बहुत से काम किये, जहां बिक्रम को गाढ़ पड़ी वे दोनों आकर हाज़िर हुए: जो कोई ऐसा काम करे तो सिद्ध हो, राजा तू अपने ज़ोर पर ग़ुरूर मत कर, तुझ जैसे पृथिवी में कड़ोड़ों हो गये हैं."

इतनी बात जब पुतली ने कही, राजा की वुह भी साअ़त टल गई, तब दूसरे दिन, सुबह को राजा ने फिर पाट बैठने की तैयारी की, और जोंहीं चाहा कि सिंहासन पर पांव धरे कि *

* रतिवामा तीसरी पुतली बोली *

"तुम्हारा यह काम नहीं जो इस पर बैठो, पहले मुझ से एक कथा नई सुन लो. एक दिन राजा बीरबिक्रमाजीत दरया किनारे एक महल में खलवत करके बैठे थे, राग हो रहा था, और हर एक रंग की चुहल मच रही थी, कि दिल फ़रेफ़्तः हो जावे, और एक से एक सहेली खूब सूरत पास बैठी थी, राजा का दिल वहां बे इख़तियार लग रहा था, कि एक पंथी त्रिया संग लिये हुए, और उस त्रिया की गोद में एक बालक. घर से खफ़ा हो कर निकले थे, दरया के किनारे, पास उसी महल के आकर ग़ुस्से के मारे कूद पड़े.

मर्द के एक हाथ में हाथ रंडी का, और एक हाथ में लड़के का हाथ, यों तीनों डूबने लगे. तब पुकारे "ऐसा धरमात्मा कौन है जो इन तीनों आदिमों की जानें बचावे?" उन में से वुह मर्द हाय कर के पुकारा, जो कोई गुस्सः मार न सके तो इसी तरह बे अजल मर जाता है, और गिर के बहुत पछताता है. उस की आवाज़ राजा ने सुनते ही लोगों से पूछा "यह कौन दुखी पुकारता है?" तब हरकारों ने ख़बर दी कि महाराज! "एक मर्द, और रंडी लड़के समेत डूबते हैं, उन में से वुह मर्द चिल्ला रहा है. कोई ऐसा पर उपकारी हो कि हम डूबतों को निकाले" * यह हरकारा कहता ही थो, कि वुह फिर पुकारा, "हम तीन जी डूबते हैं कोई हमें भगवान का बंदः पार लगावे." यह सुनकर राजा वहां से धाया और आकर उस दरया में कूद पड़ा, जाकर एक हाथ में रंडी, और दूसरे हाथ में लड़के को पकड़ लिया. वुह मर्द भी राजा से लिपट गया तब राजा घबराया और आप भी डूबने लगा, अपने ईश्वर को याद किया और कहा कि "हे नाथ! मैं धर्म के वास्ते आया था और इस में मेरा जीही जाता है, धर्म करते अधर्म होवे" * राजा यह कह कर बहुत ज़ोर करने लगा पर ज़ोर उस का कुछ काम न आता था, तब उसने आगिया, और कोयला, दोनों बीरों को याद किया, याद करते ही वे बीर आकर हाज़िर हुए, और चारों को उठा क़िनारे पर रख दिया. तब वुह बिदेसी राजा के पाओं पर गिर पड़ा, "कि महाराज! तुम ने हम तीनों को जी दान दिया, तुम्हीं हमारे भगवान हो क्योंकि, जी दान तुम से पाया" * राजा

हाथ पकड़ कर उन तीनों को रंग महल में ले आया, और बिठाकर कहा तुम्हें जो चाहिये सो हम से मांगलो, तब वुह बोला "महाराज! हमें हुकम कीजिये तो हम घर को जायें, और जब तलक जियेंगे आप को असीस दिया करेंगे, ऐसा कुछ तुम ने हमें दिया है," तब राजा ने अपनी तरफ़ से लाख रुपये देकर उन को घर भिजवा दिया * इतनी बात कर पुतली फिर बोली, "राजा! इतने लायक़ तुम हो तो इस सिंहासन पर बैठो और यों बैठोगे तो तमाम लोग हंसेंगे." वुह भी महूरत राजा की टल गई, दूसरे दिन फिर राजा दिल में सोच करता हुआ सिंहासन पर बैठने को आया तब *

* चंद्रकला चौथी पुतली बोली *

"सुनो राजा! तुम मन मलीन क्यों हो? बैठो हमारे पास, और सुनो जो मैं कथा कहूं. एक रोज़ एक पंडित कहीं से राजा बिक्रमाजीत के पास आया और उस ने आकर बयान किया, जो कोई एक महल बनाने की बिना मुवाफ़िक़ मेरे कहने के धरे, चैन उठावे और बड़ा नाम पावे, तब राजा ने कहा अच्छा ज़ाहिर कर * बिराह्मन कहने लगा, "तुला लगन जब आवे, जो उस में मंदिर उठावे जब तलक वुह लगन रहे, तब तलक काम उसमें जारी रक्खे, और जब तुला लगन हो चुके, तब उसका काम मौक़ूफ़ करे, इसी तरह तुला लगन ही में वुह सारा मकान तैयारी पर लावे. उसका अटूट

भंडार हो, और लक्ष्मी उसके यहां से कभी न जाय" * यह सुन कर राजा मन में खुश हुआ, दीवान को बुलाया, और मंदिर उठाने की इजाजत दी, कि "तुम अच्छी जगह ढूंढ कर महल बनाओ." इतने में तुला लगन भी आन पहुंची. उस मंदिर की नीव दी, देस२ में यह अवाई हुई, कि राजा तुला लगन में महल बनवाता है, जितने कारीगर उस में काम करते थे वे उठ कर तुला लगन मनाते थे, जब लगन आती थी खुश हो२ बनाते थे, कहीं उस में काम सोने का, और कहीं रूपे का, और कहीं लोहे और काठ का. नई२ तरह से बनता था * चुनांचि दरया के किनारे पर वुह हवेली बनाई, चार दरवाज़े, और सात खंड उस में रक्खे, जगह२ जवाहिर अन मोल उस में जड़े और दरवाज़े पर दो नीलम के बड़े नगीने लगाये, जो किसी की नज़र न लगे. वुह जड़ाऊ महल कितने बरसों में ऐसा तैयार हुआ कि दुनिया के परदे पर किसी ने दूसरा न आंखों देखा न कानों सुना * तब दीवान ने जाकर राजा को खबर दी महाराज! वुह मंदिर अब तैयार हुआ, आप चलकर उसे देखिये और जो कोई उस महल को देखता था मोहित हो रहता था * राजा वहां से मकान देखने को गया. एक बिराह्मन भी साथ गया महल को जब राजा ने मुलाहज़: किया तब बिराह्मन देखकर और हंस कर कहने लगा "ऐ राजा! ऐसा घर जो मैं पाऊं, तो बैठ यहां पातुर नचाऊं" * यह बात सुन कर राजा ने कुछ मन में सोच न किया, गंगा जल और तुलसी दल लेकर घर उस बिराह्मन को संकल्प कर दिया. वुह घर पाकर बिराह्मन को ऐसा हुआ

आनंद जैसे चकोर रात को पावे है चंद. तुर्त वुह अपने कुनबे को ले आया और वहां आकर रहा. रात को ख़ुशी से पलंग पर सोता था कि पहर रात गये लछमी आई, और कहने लगी कि "बेटा! हुकम दे तो मैं गिरूं, और घर बाहर संपूरण भरूं." ख़ौफ़ से उस ने कुछ जवाब न दिया, तब वुह दो पहर रात को फिर आई और कहा कि "ऐ बिराह्मन अज्ञानी! मुझे आज्ञा दे" * उसे चिंता कर के रात गंवाई और सुबह हुए राजा के पास आया, मन मलीन, और रात के अहवाल से डरा हुआ, रंग ज़र्द चिहरे का, और डर से कुह्मलाया हुआ. राजा इस शकल से देख उसे हंसने लगा, फिर कहा कि "कल की सी ख़ुशी हम ने आज न देखी ऐ बिराह्मन! यह अचंभे की बात है:" तब बिराह्मन बोला, "सुन स्वामी! मेरा दुख, तुम दाता हो, प्रजा के सुख देने वाले, और तुम साके बंध नरेस हो, जैसे राजा कर्न, और राजा इंद्र अपने वक़्त में दानी थे, ऐसे इस समैं में तुम हो. आपने जो मंदिर मेरे तईं दिया है, उसकी हक़ीक़त मैं कहता हूं मअ़लूम नहीं कि उस में भूत है, या पिशाच; मेरे तईं उसने सारी रात सोने नहीं दिया, आप के प्रताप से या लड़कों के भाग से जीता बच के मैं यहां आया हूं, इससे भीख मांग खाना मुझे बिहतर है, पर उस महल में न रहूंगा." यह बात सुन राजा ने प्रधान को बुलाया, और उसे कहा "जो उस मकान में लागत है सो हिसाब कर के इस बिराह्मन को दो." राजा की आज्ञा पाय, दीवान ने हिसाब कर तोड़े रुपयों के लदवा कर बिराह्मन के साथ कर दिये, और वुह अपने घर को गया * उस

दिन साम्रत देख उस हवेली में राजा जा रहा और बैठकर कुछ बिचार करने लगा. इस में हाथ बांध कर लछमी आन खड़ी रही बोली "धन्य राजा बिक्रम! तेरे धरम को" * इतना कह लछमी उस वक़ तो चली गई, राजा ने वहां आराम किया, जब पहर रात रही, तब लछमी फिर आई और कहने लगी. "राजा! मैं कहां गिरूं?" राजा ने कहा "जो तू पड़ा चाहती है तो पलंग छोड़ के जहां तेरी इच्छा होवे तहां गिर." इतने में खूब तरह से सोने का मेंह तमाम नगर में बरसा, सुबह ऊई, राजा उठा देख कर यह कहने लगा, "हमारी रऐयत पर बऊत सखती थी लेकिन अब कोइ दिन निचिंत हो आराम से रहेगी" * इतने में दीवान आया, और खबर दी, "महाराज! तमाम नगर में कंचन बरसा है, अब जो ऊकम दो सो हम करें," तब राजा ने कहा, "शहर में ढोल बजवा दो; जिस की हद में जो दौलत है सो ले, और कोई किसी को मनअ न करे." यह राजा का ऊकम पाकर सब रऐयत ने दौलत अपने घर में भरी * ये बातें कहकर पुतली राजा भोज से कहने लगी सुन राजा! बिक्रम के गुन, वुह ऐसा राजा था, और प्रजा का हितकारी, तू किस तरह उसके सिंहासन पर बैठता है, तेरी क्या आन है? यह सुनकर बात पुतली की, राजा अज्ञान ऊआ, और बररुच पुरोहित भी शरमिंद: * वुह साम्रत भी गुज़र गई दूसरे दिन राजा फिर सिंहासन पर बैठने चला, और चाहे पांव अपना धरे कि *

* लीलावती पांचवीं पुतली बोली *

सुन राजा! बिक्रम के गुन. एक दिन दो शख़्स आपुस में झगड़ने लगे, एक ने कहा कर्म बड़ा, और एक ने कहा बल बड़ा. क़िसमत का त़रफ़दार बोला नसीब बड़े हैं कि अदना को अअ़ला कर देते हैं, और ज़ोर का जानिबदार कहने लगा, ज़ोर बड़ा है, ज़ोरावर होवे तो तमाम जहान को ज़ेर कर दे * इस त़रह़ दोनों झगड़ते राजा इंद्र के पास गये, हाथ जोड़कर कहने लगे, "स्वामी! हमारा न्याव करो जो दोनों में सच हो उसे फ़र्माइये, और झगड़ा निबेड़िये." तब राजा इंद्र बोला, "यह हम से न होगा इस इनसाफ़ को वुह करेगा जिसने जोग किया होगा, इस्से बिहतर यह है कि तुम मर्त लोक में राजा बिक्रमाजीत के पास जाओ, इस न्याव को वुह चुकावेगा" * उन्हों ने राजा इंद्र की आज्ञा पाय, राजा बिक्रमाजीत के पास आय यह ज़ाहिर किया, कि, "हम तीनों भवन में फिर आये, और किसी ने हमारा न्याव नहीं चुकाया; इस का धर्म अधर्म बिचार हमारा न्याव करो" * यह बात सुन राजा ने कहा, "आज तुम अपने२ घर को जाओ, छः महीने के बअ़्द हमारे पास आना, तब हम जवाब इस का देंगे." यह सुन कर वे दोनों अपने घर गये, राजा मन में अपने चिंताकर चरना पहन, काछा चढ़ा, खांडा फरी ले, बिदेस निकला, और अपने दिल में यह अ़हद किया, कि जबतलक इसका भेद न पावेंगे तबतक देस में फिर न आवेंगे * जब फिरते२ समुद्र किनारे पहुंचा, वहां एक नगर उन्ने बहुत बड़ा, निपट

सुहावना, ख़ूब आबाद पाया, और उसमें तरह२ की हवेलियां जिन को कड़ोड़ों रुपये लगे थे और उन में सिवाय जवाहिर के कुछ नज़र न आता था, देख कर राजा कहने लगा कि जिस का यह नगर है वुह राजा कैसा होगा! * शहर में फिरते२ शाम हो गई, और शहर आखिर न ऊआ; इतने में क्या देखता है, कि एक दूकान में महाजन सिर निऊड़ाये ऊए बैठा है. राजा उस के साम्हने जा खड़ा ऊआ, तब सेठ ने राजा से कहा, "तू किस देस से आया है, और तेरा मन मलीन क्यों है, किसे ढूंढता है, और क्या तेरा काम है, अपना अर्थ मुझ से कह; तू किसका बेटा है, और क्या तेरा नाम है?" * तब वुह बोला, "सेठ जी! मेरा नाम बिक्रम है, मैं आज तुम्हारे पास आया हूं, मेरे दिल में मक़सद यह था, कि मैं राजा से मुलाक़ात करूं, सो आज मुलाक़ात न ऊई, कल मैं राजा से मिलूंगा. और उन की सेवा करूंगा, जो वे मुझे नौकर रक्खेंगे, और मेरा महीना कर देंगे तो मैं रहूंगा." यह बात सुन कर वुह महाजन बोला, "तुम क्या रोज़ लोगे," तब राजा कहने लगा, "जो कोई लाख रुपये रोज़ हमें दे तो हम रहें." तब वुह साहूकार बोला, "भाई! तुम क्या काम करते हो, जो तुम्हें लाख रुपये रोज़ कोई देवे, वुह काम मुझे बताओ." तब उसने कहा, "जिस राजा के पास मैं रहता हूं, उस की गाढ़ी मुशकिल में काम आता हूं." सेठ हंस कर बोला, "लाख रुपये रोज़ हम से लो, और सख़्ती में हमारे सहाय हो" * सुबह ऊए नौकर रक्खा, और दूसरे दिन लाख रुपये गिनदिये. इसने उन में से आधे रुपये अपने भगवान के नाम संकलप कर बिराह्मनों

को दिये, आधे के आधे कंगालों को, और जो बाक़ी रहे, उन का खाना पकवाकर भूखों को खिला दिया. रात हुए पर फिर जो एक फ़क़ीर ने सुवाल किया, उसे भी खड्ग बंधक रखवाकर भोजन करवा दिया, आप चने चबाकर गुज़रान की. कितने दिन उस साहूकार के पास रहकर, रुपये हर रोज़ योंहीं खर्च करता रहा * ग़रज़ क़िसमत ने तो यारी की, तब ज़ोर बोला अब मेरी बारी है, कि यकबयक सेठ के दिल को कुछ उचाटी हुई. एक जहाज़ तैयार कर किसी देस के जाने का उसने इरादः किया, और विक्रम से कहा, "मैं किसी देस जाता हूं," बोला, "स्वामी! मैं ने यह बचन दिया था, कि गाढ़ी भीड़ में तुम्हारे काम आऊंगा, अब मैं तुम्हारे साथ हूं, कि तुम ने मेरा प्रतिपाल किया है." तब उसे भी सेठ ने जहाज़ पर चढ़ा लिया, और रवानः हुआ, कितने दिनों के बअ़्द जहाज़ मांझधार में तूफ़ान से तबाह होने लगा तब वहां लंगर डालकर उसी जगह चंद रोज़ रहा * उससे आगे जो टापू था, उस में सिंहावती नाम राज कन्या रहती थी. हज़ार कन्या उसके साथ थीं, इस में जब वुह तूफ़ान थंभ गया तब सेठ ने कहा "लंगर उठाओ, और चलो." लंगर कहीं अटक रहा था, किसी से उठ न सकता था. ज़ोर कर रहे थे, निदान निरास होकर सब अपने ख़ुदा को याद करने लगे, और कहने, "इस मांझधार से सिवाय तेरे पार लगाने वाला कोई नहीं, जहां२ जिस२ के तईं मुश्किल पड़ी है तहां तूही सहाय हुआ है, और दीन दयाल तेरा नाम है, हम पर भी दया कर" * इतने में बनियां घबरा विक्रम से यह कहने

लगा, "अब अथाह में पड़े हुए हैं, किनारा हमें नज़र नहीं आता, और एक बात तेरी ही इस वक़् याद आई है, अब तू हमारे पास नौकर रहा था, तब तूने इक़रार किया था, मुश्किल काम में आसान करूंगा, इस जगह खुदा नजात दे, या तू, इससे और क्या कठिन होगा, कि काल के मुंह में पड़े हैं" * यह सुन कर बिक्रम उठा, और फरी, खांडा हाथ में ले रस्सा पकड़ जहाज़ के नीचे उतर गया; जाकर बहुतसी हिकमत की पर कोई हिकमत न चली, तब सेठ से कहा कि, "पालें इस की चढ़ा दो," लोगों ने पालें चढ़ाईं, और उसने कूदकर लंगर काट दिया, पानी की तेज़ी से, और हवा की तुंदी से, जहाज़ चल निकला और कोई रस्सा उस के हाथ न लगा: उसी जगह रह गया, जो कुछ बिधाता ने कर्म में लिखा है उसे कोई मिटा नहीं सकता. अलक़िस्सः वुह राजा वहां से बहता हुआ चला, और जाते२ उसे एक नगर नज़र पड़ा, यह वहां जालगा; उस नगर का दरवाज़ः था उस पर ज्योंहीं निगाह की, देखा चौखट पर लिखा हुआ है, "सिंहावती की राजा बिक्रम से शादी होगी" * यह देख राजा को अचरज हुआ, कि किस पंडित ने लिखा है? जब उस दरवाज़े के अंदर गया, तो वहां जाकर एक महल देखा, और वहां रंडियां हैं, मर्द कोई नहीं और पलंग पर सिंहावती सोती है, चौकी की सहेलियां बैठी हैं, यह भी जाकर पलंग पर बैठ गआ, और तुर्त उस को जगा दिया * वुह उठ बैठी, तब राजा ने हाथ पकड़ लिया, और दोनों सिंहासन पर आ बैठे, सब सखियां हाज़िर हुईं, और इस भेद से वाक़िफ़ थीं, कि राजा

बिक्रमाजीत यहां आवेगा, और उस से इस की शादी होवेगी. राजा को जो देखा तो फूलों की माला ले आई और गंधर्व ब्याह[26] किया. राजा जैसा दुख पाकर पहुंचा था वैसा वहां उसने सुख भोग, किया * अलग़रज़ वे दोनों आपुस में रहने लगे और नौजवानी के ऐश करने, हर एक तरह का लुत्फ़ उठाने लगे, सखियां भी ख़िदमत में हाज़िर थीं, और मानन्द चकोर के चांद सा राजा का मुंह देखती थीं * चन्द मुद्दत राजा को इसी तरह गुज़री. अपने राज की कुछ सुध न रही. ये बातें कह, लीलावती पुतली ने फिर कहा कि," सुन राजा भोज! जैसा राजा ने बल किया तैसा ही बिधाता ने उसे सुख दिया, क़िसमत ने वुह तमाशा दिखाया, "फिर कहने लगी," उन सखियों में एक सखी से राजा को बहुत प्रीत हुई और वुह राजा की दया बिचार भेद वहां का कहने लगी * "ऐ राजा! तुम यहां आन फंसे हो, जीते यहां से कभी न निकलोगे, तुम्हारा नाम सुनकर और तुम्हारे राज काज का ध्यान करके मुझ को रहम आता है, क्योंकि तुम ऐसे धर्मात्मा, दयावंत दाता, परोपकारी हो, यहां रहना तुम्हारा भला नहीं, लाखों आदमी तुम बिन दुख पाते होंगे" * उस की बात सुनकर राजा को ज्ञान हुआ, राज का ध्यान आया, तब उसे पूछा, "यहां से जाने का भेद मुझे बताओ?" बोली, "एक घोड़ी इस राजकन्या की घुड़साल में है, सो उदै से अस्त तलक जा सकती है," यह बात सुनकर दूसरे दिन राजा रानी को साथ लेकर टहलता हुआ, अस्तबल में जा निकला घोड़ों को देखकर तअरीफ़ करने लगा. रानी बोली, "जो

तुम्हें शौक़ हो तो इन घोड़ों में से किसी घोड़े पर चढ़ा करो" * भेद तो इसे वहां का मअ़लूम ही था, दूसरे दिन घोड़ा उसने वहां से मंगाया, और उस पर सवार हो वहीं फेरने लगा, रानी भी ख़ुश होती थी, और राजा भी ख़ुश होता था. इसी तरह कई दिन कितने घोड़ों पर सवार होता रहा, एक दिन उस घोड़ी को मंगाया और रानी के हुकम से उस घोड़ी पर भी सवार हुआ, रानी तो ग़फ़लत में रही, कि इस ने कोड़ा किया, घोड़ी मानिंद हवा के राजा को ले उड़ी, रानी और सखियां अचता पछता रह गईं * राजा अंबावती नगरी में आन पहुंचा, वहां नदी किनारे एक सिद्ध बैठा देखा, राजा उतर दंडवत कर, उस पास जा बैठा, सिद्ध का जब ध्यान खुला तब उसने इसे देखा देखकर ख़ुश हुआ, एक फूल की माला इसे दी, और कहा, "विजय माल मैं ने तुझे दी, इस का गुन यह है, कि जहां जायगा वहां फ़तह पावेगा, और तू सब को देखेगा, तुझे कोई न देखेगा" * फिर एक छड़ी राजा को दी, और उसका ब्योरा भी समझा कर कहा कि, "इस लकड़ी का यह ख़वास है, पहिले पहर रात को सोने का जड़ाऊ गहना जो इससे मांगोगे तो यह देगी; और दूसरे पहर रात को एक ख़ूब सूरत नारी ऐसी देगी कि जिसे देख राजा तुम आशिक़ हो जाओगे; और तीसरे पहर रात को जब इसे हाथ में लोगे, तो तुम सब को देखोगे और तुम्हें कोई न देखेगा; चौथे पहर रात को मानिंद काल के यह हो जायगी, इस के डर से कोई दुशमन तुम्हारे पास न आ सकेगा" * यह बात कह जोगी ने राजा को रुख़सत किया. राजा जब उज्जैन नगरी के